हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 4 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 34.8 डिग्री
न्यूनतम 18.4 डिग्री

12 अनाज मंडियों में अव्यवस्थाएं देखकर अफसरों पर गर्म हुए मंत्री

12 शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन तक सीमित न रखें, यह कौशल नवाचार...


## खबर संक्षेप

### इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ी

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि यह निर्णय उन विद्यार्थियों के हित में लिया गया है जो अब तक प्रवेश नहीं ले पाए हैं। विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर व डिप्लोमा कोर्सों में दाखिले जारी हैं। उन्होंने बताया कि अन्य संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थी भी इग्नू से अतिरिक्त डिग्री या डिप्लोमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है।

### सट्टा लगाते आरोपी को पुलिस ने किया काबू

**करनाल।** जिला पुलिस ने इंद्री क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए सट्टा खाईवाली कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी बयाना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव बीबीपुर ब्राह्मण में छापेमारी कर आरोपी सुनील को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 5,520 रुपये बरामद हुए। पुलिस के अनुसार आरोपी पर्चियों पर नंबर लगाकर सट्टा चला रहा था। उसके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक की टक्कर लगने से महिला की मौत

**यमुनानगर।** जिले के चनेटी रोड पर बाइक की टक्कर लगने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव चनेटी निवासी अभिषेक ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी चाची 46 वर्षीय फूलवती दो अप्रैल को दोपहर तीन बजे किसी काम से जा रही थी। जब वह सड़क क्रॉस करने लगी तो तेज गति से आ रही बाइक ने उसकी चाची फूलवती को टक्कर मार दी।

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने 708 ग्राम हेरोइन तस्करी के मामले में संलिप्त आरोपी गुरजीत सिंह उर्फ जोनी को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि बीते 25 मार्च 2026 को थाना बलदेव नगर पुलिस ने दशमेश नगर इलाके से एक महिला को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ (708 ग्राम हेरोइन) के साथ काबू किया था। इस संबंध में थाना बलदेव नगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तार महिला आरोपी से गहन पूछताछ के दौरान गुरजीत सिंह उर्फ जोनी का नाम सामने आया था। महिला ने स्वीकार किया कि इस तस्करी के खेल में गुरजीत सिंह पूरी तरह संलिप्त था।पुलिस ने आरोपी गुरजीत सिंह को न्यायालय में पेश कर 2 दिन का रिमांड हासिल किया है।

## कुवि ने किया देश के 8 महान वैज्ञानिकों को गोयल अवार्ड से सम्मानित

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी राष्ट्र की प्रगति के प्रमुख स्तंभः प्रो. अजय कुमार सूद

- कुवि में आयोजित हुआ 18वां गोयल पुरस्कार समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में शुक्रवार को 18वां गोयल पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में देश के प्रमुख वैज्ञानिकों को उनके उत्कृष्ट शोध, नवाचार और विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। गोयल अवार्ड कमेटी की और से आयोजित इस भव्य सम्मान समारोह में चार वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार व 4 वैज्ञानिकों को राजीब गोयल यंग साइंटिस्ट अवार्ड के रूप में सम्मानित किया गया। गोयल पुरस्कार के रूप में वैज्ञानिकों को दो-दो लाख रुपए व राजीब गोयल अवार्ड के रूप में एक लाख रुपए की धनराशि के साथ साथ मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय के. सूद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तथा सभी अतिथियों ने गोयल पुरस्कार स्मारिका का विमोचन किया। मुख्य अतिथि प्रो. अजय के. सूद ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी किसी भी राष्ट्र की प्रगति के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग पाँच दशकों में भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। एक समय ऐसा था जब देश में बुनियादी वैज्ञानिक उपकरण भी आसानी से उपलब्ध नहीं होते थे और वैज्ञानिकों को स्वयं उपकरण तैयार करने पड़ते थे, लेकिन आज भारत वैज्ञानिक ज्ञान और तकनीकी विकास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है और ॠविकसित भारतॠ बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत केवल तकनीक का उपयोग करने वाला देश नहीं, बल्कि तकनीक का निर्माण करने वाला देश बन रहा है। डिजिटल इंडिया, अंतरिक्ष तकनीक, वैक्सीन निर्माण और डीप टेक जैसे क्षेत्रों में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमता साबित की है। भविष्य में अनुसंधान, नवाचार और सहयोग के माध्यम से भारत को वैश्विक तकनीकी नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। प्रो. सूद ने बताया कि सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नीतियों और मिशनों पर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री के विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सलाहकार परिषद सहित कई संस्थागत तंत्र भविष्य की महत्वपूर्ण तकनीकों की पहचान करने और उनके विकास के लिए काम कर रहे हैं। विशेष रूप से क्वांटम तकनीक, डीप टेक और उभरती वैज्ञानिक तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।


कुरुक्षेत्र। वैज्ञानिक को सम्मानित करते भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय के. सूद व कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### गोयल पुरस्कार वैज्ञानिकों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की पहचानः प्रो. सोमनाथ सचदेवा

कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि गोयल पुरस्कार उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों की पहचान है और उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुँचने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि कुछ वर्षों पहले जहाँ भारत का नवाचार सूचकांक लगभग 81वें स्थान के आसपास था, वहीं अब यह 38वें स्थान तक पहुँच गया है। आज देश में 120 से अधिक यूनिकॉर्न और लगभग दो लाख स्टार्टअप सक्रिय हैं, जो भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि गोयल पुरस्कार ने वर्षों के दौरान देश में एक विशिष्ट पहचान बनाई है और असाधारण वैज्ञानिक उपलब्धियों को सम्मानित करने की गौरवशाली परंपरा स्थापित की है। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा का सबसे पुराना और सबसे बड़ा राज्य विश्वविद्यालय है, जिसकी आधारशिला भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने रखी थी।

### इन वैज्ञानिकों को किया सम्मानित

समारोह के दौरान वर्ष 2023-24 के लिए चार गोयल पुरस्कार और चार राजीब गोयल पुरस्कार प्रदान किए गए। गोयल पुरस्कार के अंतर्गत एप्लाइड साइंसेज में डॉ. अनिरुद्ध भालचंद्र पंडित, केमिकल साइंसेज में डॉ. थालप्पिल प्रदीप, लाइफ साइंसेज में डॉ. परमजीत खुराना तथा फिजिकल साइंसेज में डॉ. श्रीराम रामास्वामी को सम्मानित किया गया। इन सभी वैज्ञानिकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण शोध कार्य करके विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को 2 लाख रुपये की नकद राशि, स्वर्ण पदक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 45 वर्ष से कम आयु के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को राजीब गोयल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस श्रेणी में एप्लाइड साइंसेज के लिए डॉ. गोपीनाथ पैकिरिसामी, केमिकल साइंसेज के लिए डॉ. देबब्रत मैती, लाइफ साइंसेज के लिए डॉ. दुर्गा पाल तथा फिजिकल साइंसेज के लिए डॉ. स्मराजीत कर्माकर को सम्मानित किया गया। प्रत्येक विजेता को पदक, प्रशस्ति-पत्र तथा एक लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। आयोजन समिति की संयोजक प्रो. अनीता भटनागर ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा गोयल पुरस्कार की परंपरा और उसके महत्व पर प्रकाश डाला।

### कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल ने अतिथियों का धन्यवाद किया

सह-संयोजक प्रो. एस.पी. सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय वर्ष 1992 से देश के उत्कृष्ट वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार प्रदान करता आ रहा है, जो आज वैज्ञानिक उपलब्धियों के लिए एक प्रतिष्ठित सम्मान के रूप में स्थापित हो चुका है। अंत में कुलसचिव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर श्रीमती अनिता सूद, प्रो. राघुवेन्द्र तंवर, प्रो. एनके माटा, कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# रंजिश के चलते युवक पर चाकू से हमला कर किया घायल

- घायल युवक अस्पताल में उपचाराधीन, हाथ पर लगे टांके
- पुलिस ने दो आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। हमीदा क्षेत्र में हुई मारपीट में घायल युवक।

शहर के हमीदा क्षेत्र में रंजिश के चलते दो युवकों ने आनंद कॉलोनी निवासी विक्रांत पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। विक्रांत को बचाने आई उसकी बहनों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जहां पर डॉक्टरों ने उसके हाथ पर चाकू लगने के कारण टांके लगाने पड़े। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार विक्रांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वीरवार सुबह वह अपने घर से काम पर जाने के लिए निकला था। उसी समय उसकी बहन भी पास के मंदिर में सेवा के लिए जा रही थी। जैसे ही वह मंदिर के पास पहुंचा तभी वहां पहले से मौजूद आशिफ उर्फ पांची ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपी आशिफ अपने भांजे से जुड़े पुराने मामले को लेकर उससे रंजिश रखता था। विक्रांत ने बताया कि इसी रंजिश के चलते आरोपी ने अपने कपड़ों से दो चाकू निकाल लिए। इसके बाद उसने उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जब उसकी बहनें उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोपी ने चाकू से वार कर उसके हाथों व कमर को घायल कर दिया। तभी आरोपी का साथी साहिल भी मौके पर पहुंच गया। आरोपी ने भी उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसके हाथ पर टांके लगाए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## खेत में काम कर रहे किसान के साथ मारपीट पिस्टल तान कर दी जान से मारने की धमकी

- पुलिस ने तीन आरोपियों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** रादौर तहसील कार्यालय के सामने खेत में काम कर रहे किसान के साथ आधा दर्जन लोगों ने मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उस पर पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव बुबका निवासी मनीष कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने तहसील कार्यालय रादौर के सामने एक एकड़ भूमि शांति देवी से ठेके पर ली हुई है। जिसमें उसने लहसुन लगाया हुआ था। उसने फसल की कटाई करने के लिए लेबर लगाई हुई थी। वह अपने साथी विजय कुमार के साथ खेत में काम कर रहा था। रात को उनके खेत से लहसुन चोरी हो गया थाञ जो रास्ते में बिखरा पड़ा था। वह दोनों उसकी जांच कर रहे थे। इस दौरान एक सफेद रंग की गाड़ी उनके पास आकर रुकी। गाड़ी से उतरकर दौलतपुर निवासी रणधीर सिंह पूनिया उनके पास आया और उनके बारे में पूछने लगा। इस दौरान आरोपी ने अपनी जब से पिस्टल निकाली और उसके माथे पर रखकर उसके साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगा।

## चार पेट्रोल पंपों पर लूट की वारदात अनसुलझी, चोरी की कार से अंजाम दी थी वारदातें

**अंबाला।** जिले के चार पेट्रोल पंपों पर 10 दिन पहले एक के बाद एक पिस्तौल के बल पर लूटपाट करने वाले गिरोह के बदमाशों को पुलिस अब तक काबू नहीं कर पाई है। जांच में सामने आया है कि गिरोह के सदस्यों ने वारदात के समय जिस सफेद रंग की स्विफ्ट कार का इस्तेमाल किया है वो चंडीगढ़ से चोरी की गई थी। आरोपी हरियाणा के साथ-साथ पंजाब, हिमाचल प्रदेश में भी कई जगह वारदात को अंजाम दे चुके हैं। हिसार व कुरुक्षेत्र में भी मार्च माह में वारदात की थी। इस गिरोह के सदस्यों ने सबसे पहले अंबाला कैंट के पेट्रोल पंप पर 23 मार्च वारदात को अंजाम दिया था। अगले ही दिन 24 मार्च की रात को बराड़ा के ओम फिलिंग स्टेशन से 9 हजार रुपये की लूट, उसी रात शहजादपुर के जी लाइन फिलिंग स्टेशन से 16 हजार व मुलाना के एक पेट्रोल पंप से 1500 रुपये लूटे थे। हालांकि पुलिस आरोपियों को जल्द काबू करने का दावा कर रही है। पुलिस की मानें तो आरोपियों को काबू करने के लिए निरंतर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। उम्मीद है कि जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।

## पीएनजी कनेक्शन लें, नहीं तो कटेगा एलपीजीः एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- तीन माह में आवेदन अनिवार्य, प्रशासन ने जारी किया नोटिस

अतिरिक्त उपायुक्त राहुल रईया ने नागरिकों से अपील की है कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन बिछ चुकी है, वे शीघ्र कनेक्शन ले लें। अन्यथा तीन माह बाद उनके एलपीजी कनेक्शन बंद कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पीएनजी कनेक्शन के लिए निर्धारित समय के भीतर आवेदन करना जरूरी है। आवेदन स्वीकृत होने के बाद तीन माह के पश्चात एलपीजी आपूर्ति बंद कर दी जाएगी।

### इन क्षेत्रों में उपलब्ध है पीएनजी सुविधा

शहर के सेक्टर 4 से 9, सेक्टर-12, 13, 14 भाग-एक, सेक्टर-16, 32, 35, 36, 45, एलआईसी कॉलोनी, मॉडल टाउन, डीसी कॉलोनी, दीवान कॉलोनी, अशोका कॉलोनी, पालम कॉलोनी, शक्तिपुरम, प्रेम नगर, राम नगर, राजीव पुरम, विकास नगर, वसंत विहार, घरौंडा, दादूपुर, समौरा (इंद्री) व कबीर नगर (असंध) सहित कई क्षेत्रों में पीएनजी सुविधा उपलब्ध है।

## फैक्ट्री से 15 लाख के तौलिए चोरी

**पानीपत।** पानीपत की अनाज मंडी के पास स्थित ब्राइट ओवरसीज फैक्ट्री से करीब 15 लाख रूपये कीमत के तौलिये चोरी कर बाजार में बेच दिए। वहीं, फैक्ट्री के संचालक विशेष ढींगरा निवासी अंसल सुशांत सिटी आरोप लगाया कि फैक्ट्री में तौलियों की पैकिंग का काम देखने वाले ठेकेदार सवी निवासी खटीक बस्ती, पानीपत ने चोरी की यह वारदात की।

आरोपी पिछले कई महीनों से सुनियोजित तरीके से फैक्ट्री से माल चोरी कर उसे बाजार में बेच रहा था। ढींगरा ने चोरी की वारदात संबंधी सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दी है।

इधर हुडा सेक्टर-29 थाना पुलिस ने सवी व इससे तौलियों की खरीद करने वाले मोहम्मद इरफान निवासी खटीक बस्ती पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डाइकिन हरियाणा में करेगा निवेश, युवाओं को मिलेंगे रोजगारः कंवलजीत जावा

- करनाल में खुला क्षेत्रीय कार्यालय, आईटीआई में शुरू होंगे स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



डाइकिन इंडिया के चेयरमैन एवं एमडी कंवलजीत जावा ने कहा कि कंपनी हरियाणा में बड़े स्तर पर निवेश की योजना बना रही है, जिससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आने वाले समय में राज्य में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने की योजना भी पाइपलाइन में है। वे करनाल में डाइकिन इंडिया के नए क्षेत्रीय कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में कंपनी के डीलर्स, स्टाफ व मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। कंवलजीत जावा ने बताया कि हरियाणा की आईटीआई में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जिनके माध्यम से युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक कौशल सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य युवाओं को इंडस्ट्री के अनुरूप तैयार करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में केवल तीन प्रतिशत लोग ही एयर कंडीशनर का उपयोग करते हैं, ऐसे में कंपनी की योजना गांव-गांव तक एसी पहुंचाने की है। डाइकिन किफायती और पर्यावरण अनुकूल एसी उत्पाद उपलब्ध करा रही है, जिससे आम उपभोक्ता भी इनका लाभ उठा सके। कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने वर्ष 2026 के लिए नई एसी रेंज लॉन्च करने की घोषणा भी की। कंवलजीत जावा ने बताया कि डाइकिन को हाल ही में एयर कंडीशनर श्रेणी में 'सबसे भरोसेमंद ब्रांड' का प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिला है। नई रेंज में आधुनिक तकनीकों जैसे एआई व आईओटी आधारित सिस्टम, स्मार्ट कनेक्टिविटी, बेहतर कूलिंग क्षमता और कम ऊर्जा खपत जैसी खूबियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी की यह पहल न केवल बाजार में उसकी स्थिति को मजबूत करेगी, बल्कि उपभोक्ताओं को आधुनिक, भरोसेमंद और टिकाऊ उत्पाद भी उपलब्ध कराएगी।

# स्पेशल स्टाफ ने चार आरोपी पकड़े

- पुलिस ने दो आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया, दो आरोपियों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। स्पेशल स्टाफ टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी युवक।

जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने अलग-अलग दो स्थानों से चार आरोपी चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से दो आरोपियों को रिमांड पर लिया गया है जबकि दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार स्पेशल स्टाफ टीम के कार्यवाहक इंचार्ज जसविंद्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक सेक्टर-18 स्थित टाउन पार्क के पास चोरी की नीयत से घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें रजनीश और कुलदीप को शामिल किया गया।

टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान दुर्गा गार्डन निवासी जितेंद्र और कन्हैया के रूप में हुई। इंचार्ज ने बताया कि दोनों के खिलाफ पहले भी करीब 15 चोरी के मामले दर्ज हैं। जो फिलहाल अदालत में विचाराधीन हैं।

### दो आरोपी लिए रिमांड पर

इंचार्ज ने बताया कि एक अन्य टीम जिसमें एएसआई जसजीत सिंह, सुरेंद्र, कुलदीप, दीपक और रजनीश शामिल थे। टीम ने बैंक कॉलोनी के पास पावर हाउस के नजदीक से दो आरोपी चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान डेहा बस्ती कांसापुर निवासी जसबीर उर्फ खंडू और शिवपुरी बी निवासी लखविंदर उर्फ बिछु के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने आठ सितंबर 2025 को बैंक के कॉलोनी के सूने मकान से जेवर व नकदी चोरी करने की वारदात का खुलासा किया है।

## पारदर्शिता के लिए बायोमेट्रिक व कैमरे अनिवार्य, किसानों को नहीं होगी कोई परेशानी

# असंध अनाज मंडी में गेहूं खरीद शुरू व्यवस्थाओं का डीसी ने लिया जायजा

मंडी में साफ-सफाई, पेयजल और शौचालयों के उचित प्रबंध के निर्देश दिए

- केवल पंजीकृत नंबर वाले ट्रैक्टरों से ही मंडी में आने की सलाह दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| असंध/करनाल

उपायुक्त उत्तम सिंह ने शुक्रवार को असंध अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और खरीद प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाए। उपायुक्त ने मंडी में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालयों के रखरखाव सहित सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम सुमित सिहाग और विधायक योगेन्द्र राणा भी मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि मंडी में गेहूं खरीद शुरू हो चुकी है और इस बार खरीद प्रणाली में बदलाव किए गए हैं। गेट पर बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई है, जबकि एग्जिट गेट पर कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि बारदाने की कोई कमी नहीं रहेगी। उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे फसल को सुखाकर और साफ-सुथरा कर पंजीकृत नंबर वाले ट्रैक्टरों में ही मंडी में लाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो।



### किसानों को नहीं आने दी जाएगी दिक्कतः योगेन्द्र राणा

विधायक योगेन्द्र राणा ने असंध व जुंडला मंडियों का निरीक्षण कर खरीद कार्य का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंडी में गेट पास व्यवस्था और गेहूं की नमी जांच का निरीक्षण भी किया। विधायक ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मानव आत्मा की सशक्त अभिव्यक्ति है कलाः कालिया

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज में शुक्रवार को दो दिवसीय "आर्ट एंड लाइफ" कला प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का बॉलीवुड अभिनेत्री रजनीगुप्ता, एसडी एजुकेशन सोसाइटी, पानीपत के प्रधान अनुप व तथा एसडी कॉलेज की प्रबंधन समिति के प्रधान दिनेश गोयल ने दीप जला कर शुभ्‍ज्ञारंभ किया। जबकि प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने अतिथियों को पौधे भेंट कर स्वागत किया। इधर, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राजपाल कालिया द्वारा आयोजित लाइव पेंटिंग कार्यशाला रही। जबकि राजपाल कालिया ने कहा कि कला केवल रंगों और रेखाओं का संयोजन नहीं है, बल्कि यह मानव आत्मा की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। वहीं, सच्चा कलाकार वही है, जो अपने भीतर की संवेदनाओं को ईमानदारी से कैनवास पर उतार सके। इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि कला शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है।

### वन एक्ट प्ले में 'नेशनल चैंपियन' बना आर्य कॉलेज

**पानीपत।** आर्य कॉलेज ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। चेन्नई की सत्यभामा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी में आयोजित 'ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल' में उपजे विवाद के पटाक्षेप के बाद, शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर आर्य कॉलेज (कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय) को 'वन एक्ट प्ले' विधा में प्रथम पुरस्कार का विजेता घोषित कर दिया गया है। वहीं, इस महाकुंभ में देशभर की 142 यूनिवर्सिटीज ने हिस्सा लिया था, जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। वहीं, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा यह केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि हमारे विद्यार्थियों के अटूट संघर्ष और सत्य की जीत है।उन्होंने बताया कि अब कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय 'वन एक्ट प्ले' में प्रथम स्थान और 'ऑवर ऑल रनर अप' बन गया है।

### स्वस्थ समाज की नींव सेवा एवं परोपकारः डॉ. वीरेंद्र

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में रक्तदान शिविर व प्रेम हॉस्पिटल के सौजन्य से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया व भाई सतनाम सिंह जोधका, आसन कलां वाले ने किया। कैंप में 100 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया।

### इग्नू का दीक्षांत समारोह सात अप्रैल को

**पानीपत।** इग्नू के 39वें दीक्षांत समारोह के संबंध में क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय का 39वां दीक्षांत समारोह सात अप्रैल को नई दिल्ली स्थित इग्नू मुख्यालय, मैदान गढ़ी में आयोजित किया जाएगा। वहीं, इग्नू मुख्यालय पर उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जबकि दीक्षांत समारोह का आयोजन इग्नू के सभी क्षेत्रीय केंद्रों पर एक साथ किया जाएगा, जिससे करनाल क्षेत्रीय केंद्र से जुड़े विद्यार्थियों को भी इस महत्वपूर्ण अवसर में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### विकास कार्यों, जनहित योजनाओं व लंबित परियोजनाओं पर हुई समीक्षा बैठक

# नई प्रॉपर्टी आईडी के लिए कमेटी मौके पर करेगी संपत्ति की जांच : महावीर

लोकेशन पर कमेटी सदस्यों की फोटो के पश्चात बनाई जाएगी प्रॉपर्टी की नई व पार्ट आईडी, गलत आईडी का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। अधिकारियों की बैठक लेते नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद।

शहर के विकास कार्यों, जनहित योजनाओं और लंबित परियोजनाओं की प्रगति को गति देने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर निगम के कैंप कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने की। बैठक में जनसंवाद, म्हारी सड़क, बजट घोषणाएं, मुख्यमंत्री घोषणाएं व स्वच्छता से संबंधित योजनाओं की वर्तमान स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में नई प्रॉपर्टी आईडी बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। नई प्रॉपर्टी आईडी बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें एटीपीए भवन निरीक्षक, प्लानिंग एक्सपर्ट व अन्य को शामिल किया गया है। यह कमेटी संबंधित प्रॉपर्टी की मौके पर जाकर जांच करेंगी। बकायदा लोकेशन सहित कमेटी सदस्यों की फोटो होगी। इसके बाद उस प्रॉपर्टी की नई आईडी व पार्ट आईडी बनाई जाएगी। इससे गलत प्रॉपर्टी आईडी बनने की समस्या का समाधान होगा।

बैठक के दौरान आयुक्त ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से लंबित और प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने शहर के बड़े प्रोजेक्ट्स, विशेषकर स्टॉर्म वाटर ड्रेन के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गयाए ताकि शहर में जलभराव जैसी समस्याओं से समय रहते निपटा जा सके। इसके अलावा बैठक में एनडीसी जारी करनेए नई प्रॉपर्टी आईडी बनाने, नालों की नियमित सफाई, शहर की मुख्य सड़कों के सौंदर्यीकरण और जनसंवाद पोर्टल पर लंबित शिकायतों के निपटान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में शहर के विकास कार्यों और आधारभूत सुविधाओं की वर्तमान स्थिति पर विशेष फोकस रहा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिन क्षेत्रों में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, साफ सफाई और जल निकासी जैसी समस्याएं अधिक हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की घोषणाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचना चाहिए और किसी भी स्तर पर देरी होने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। निगम आयुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छए सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है और इसी दिशा में लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जन शिकायतों का समय पर निपटान करें।

# डिजिटल प्रणाली से की जाएगी जनगणनाः डीसी


यमुनानगर। जनगणना पर बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त।

- जनगणना-2027 को लेकर हुई संबंधित अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में जनगणना-2027 को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त एवं प्रधान जनगणना अधिकारी प्रीति ने की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को जनगणना अभियान को लेकर नागरिकों को जागरुक करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त एवं प्रधान जनगणना अधिकारी प्रीति ने बताया कि 16 अप्रैल से स्व गणना के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला जाएगा। जिस पर नागरिक पंजीकरण कर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जनगणना से जनकल्याण की थीम के तहत इस बार जनगणना-2027 पूरी तरह डिजिटल प्रणाली से आयोजित की जाएगी। इसलिए स्व गणना के विकल्प को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता और प्रचार प्रसार बेहद आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को गांव गांव , वार्ड स्तर और विभागीय माध्यमों से इस सुविधा का अधिकतम प्रचार करने के निर्देश दिए। ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

### दो चरणों में होगी जनगणना- 2027

प्रधान जनगणना अधिकारी प्रीति ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। जिसमें पहला चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 मई से 30 मई 2026 तक तथा दूसरा चरण जनसंख्या गणना 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक होगा। इस बार नागरिकों को 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक सेल्फ एन्यूमरेशन का विकल्प मिलेगा। जिसके तहत वे ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। जानकारी सबमिट करने पर उन्हें एसएमएस व ई.मेल के जरिए एक यूनिक सेल्फ. एन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी। जिसके बाद गणनाकर्मी केवल मौके पर पहुंचकर जानकारी का सत्यापन करेंगे।

### धर्म युक्त जीवन यापन करे मानवः सतपाल

**रादौर।** मानव उत्थान सेवा समिति जगाधरी के तत्वावधान में शुक्रवार को गांव बरसान में सद्भावना संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में आध्यात्म सम्राट सदगुरुदेव सतपाल महाराज के परम शिष्यों ने हरिद्वार पहुंचकर गीता व रामायण पर सारगर्भित सत्संग किया गया। संत महात्मा सिंधु बाई ने अपने प्रवचन में कहा कि हमारे प्रबुद्ध ऋषियों का कथन है कि ईश्वर ने मनुष्य को धर्म युक्त जीवन का अनुकरण करने हेतु रचना की है। इसके अभाव में मनुष्य में व पशु में कोई अंतर नहीं है। इसलिए मनुष्य को धर्म आचरण अपनाना चाहिए। क्योंकि धर्म स्वयं के साथ ही समाज में प्रेम व सद्भावना को सिखाता है। उन्होंने कहा कि सभी जीव-जंतुओं पर दया व प्रेम भाव रखने की प्रेरणा देता है। मौन साधना द्वारा व्यक्ति का आत्मबल व कार्य करने की क्षमता धीरे-धीरे बढ़ती रहती है। मौन का आश्रय लेकर व्यर्थ की कटुताए कलह व विवादों से बचाव के साथ ही मिथ्या वचन, अपशब्दों के प्रयोग पर निंदा व अनर्गल बोलने जैसे वाणी के पापों से भी बचाव होता है। जिला प्रधान अजब सिंह पांचाल ने बताया कि क्षेत्र के गांवों से लोगों ने संतो द्वारा सुनाए प्रवचनों का लाभ उठाया। सत्संग समारोह के अंत में भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान अजब सिंह पांचाल, नौरतीराम, प्रेमपाल, पाल सिंह, विनोद, सुशील, साहब सिंह आदि उपस्थित रहे।


रादौर। कार्यक्रम में प्रवचन करते मुख्यवक्ता।



### नवीन जिंदल फाउंडेशन ने करवाया रादौर हलके के 14 मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**रादौर।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा समय समय पर समाज सेवा क्षेत्र में कदम उठाए जा रहे है। इसी संदर्भ में शुक्रमवार को भी फाउंडेशन द्वारा कस्बा रादौर के 14 मरीजों को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज भेज कर मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन करवाया। यह पहल क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। रादौर हल्का से अग्रोहा मेडिकल कॉलेज जाकर मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने वाले राजकुमार, राजपाल, बलवंत सिंह, सुल्तान सिंह, अमरनाथ, उमेश त्यागी, दिनेश त्यागी, शेर सिंह, महेंद्रपाल, रामचंद्र, सुरेंद्र, मामो, कांता और ईश्वर देवी ने अपना इलाज करवाया। इस अवसर पर सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह व रादौर प्रभारी सोनी कुमार ने बताया कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर एवं उपचार कार्यक्रम लगातार आयोजित करवा मोतियाबिंद के मरीजों को चिंहित किया गया था। विशेष रूप से आंखों से संबंधित बीमारियों के उपचार के लिए यह अभियान अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ है।

# निगम के हर वार्ड में समान रुप से विकास कार्य करवाना उदेश्यः बहमनी

- मेयर ने वार्ड आठ व दस में डेढ़ करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। विकास कार्यों का शिलान्यास करते मेयर व विधायक।

नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने शुक्रवार को निगम के वार्ड आठ और दस में एक करोड़ 50 लाख चार रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा भी मौजूद रहे। मेयर ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। ताकि नागरिकों को बेहतर सड़कें,पार्क, नालियां और स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों के क्रम में वार्ड नंबर आठ स्थित मॉडल टाउन सोसायटी ग्राउंड पार्क के नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य पर 31 लाख 4 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं, गोविंदपुरी रोड से हुडा मोड़ तक सड़क और नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा। इस कार्य पर 72 लाख 35 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं, वार्ड 10 में गुप्ता ट्रेडिंग से सिटी सेंटर तक नाले के निर्माण और गांधी मार्केट में टाइल लगाने का कार्य किया जाएगा। जिस पर 46 लाख 65 हजार रुपये खर्च होंगे। मौके पर पार्षद विभोर पाहुजा, पार्षद किरण यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़,मनोज धीमान,कृष्ण सिंगला, पवन प्रताप यादव, संदीप बजाज आदि रहे।

### विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने के लिए करवाई जाती कार्यशालाः शर्मा



**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस प्रोग्राम रहा। कार्यशाला में विभागाध्यक्ष उपासना सूद मुख्य रूप से मौजूद रही। इस अवसर पर शालिनी गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। यह कार्यशाला टीएआई इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को जनरेटिव एआई एजयोर प्लेटफार्म माइक्रोसॉफ्ट के विभिन्न सर्टिफिकेशन की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से आधुनिक तकनीकों को समझा और अपने कौशल को निखारा। मौके पर निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों से अवगत कराती हैं। उन्होंने कंप्यूटर साइंस विभाग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

# समाज और देश हित के लिए युवा वर्ग का आगे आना जरूरीः तोमर

- खालसा कॉलेज में हुआ 31वां रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। शिविर में मुख्याातिथि को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में 31वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि के पूर्व कुलपति डॉ. एसके तोमर ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में एनसी मेडिकल कालेज के चिकित्सा अधीक्षक एवं पूर्व सिविल सर्जन डॉ. विजय दहिया मौजूद रहे। प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने बताया कि चिकित्सकों की टीम ने 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया। मुख्यातिथि डॉ. एसके तोमर ने शिविर आयोजन के लिए कालेज के प्रिंसीपल व स्टाफ सदस्यों की सराहना की। उन्होंने युवाओं को आहवान किया कि वह दूसरों के हित के लिए और समाज सेवा करने के लिए आगे आएं। सरदार रणदीप सिंह जौहर ने कहा कि इंसानियत की सेवा करने और दया और हमदर्दी का कल्चर बढ़ाने के लिए संस्थान की सराहना की।

### कथा में प्रभु श्रीराम के जीवन काल का किया वर्णन



**रादौर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में कस्बा के शिव मंदिर धर्मशाला पांच दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा वाचक सर्वश्री आशुतोष महाराज की शिष्य साध्वी सुश्री दिवेशा भारती ने प्रभु के जन्म एवं उनके जीवन की लीलाओं के बारे व्याख्यान किया। कथा वाचक ने बताया कि केवल प्रभु की जीवन गाथा व ग्रंथों की चौपाइयों का सरसपूर्ण गायन नहीं वरन एक विश्लेषणात्मक आध्यात्मिक अंतर दृष्टि से परिपूर्ण प्रभु के अवतरण व प्राकट्य के दिव्य रहस्यों को परीलक्षित करता प्रसंग है। सुश्री दिवेशा भारती ने बताया की श्री रामचरितमानस की रचना गोस्वामी तुलसीदास जी ने कितने ही वर्ष पूर्व क्यों ना की हो परंतु धर्म स्थापना के जिस संदेश को वह धारण किए हुए हैं। वह हर युगए काल व देश की सीमाओं से परे हैं व वर्तमान युग की समस्त समस्याओं का निवारण प्रस्तुत करता है। संसार में नाना प्रकार के रोगए शोकए जन्मए मृत्यु इत्यादि में पड़े व कामए क्रोध, लोभ, मोह अहंकार में अंधे हो चुके मानव को सन्मार्ग पर लाने के लिए प्रभु अवतीर्ण होते हैं।

# नियमित उपचार करवाने से टीबी से मिल सकता है छुटकाराः प्रीति

- स्वास्थ्य विभाग ने लघु सचिवालय में किया टीबी मुक्त पंचायत अभिनंदन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

जिला स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में लघु सचिवालय में जन जन का रखें ध्यान, टीबी मुक्त अभियान के तहत टीबी मुक्त पंचायत अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। इस कार्यक्रम में जिले की 90 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। मौके पर टीबी मुक्त तीन पंचायतों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि टीबी गंभीर बीमारी नहीं है। यह संक्रामक रोग है। नियमित ईलाज व जागरूकता से इस बीमारी से आसानी से मुक्ति मिल सकती है। उन्होंने बताया कि टीबी से ग्रस्त व्यक्ति का ईलाज सभी सिविल अस्पतालों में निःशुल्क किया जाता है। टीबी ग्रस्त व्यक्ति न केवल परिवार व आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। बल्कि समाज भी इससे अछूता नहीं रहता। टीबी ग्रस्त व्यक्ति घबराएं नहीं। बल्कि नियमित रूप से समुचित उपचार लें।

### संत रविदास की याद में हुआ दसवां संत समागम

# गुरु रविदास सामाजिक समानता के प्रतीक थेः राणा

भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे रविदास, उनके भजन लोगों को देते हैं प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर


रादौर। गुरु रविदास की महिमा का बखान करते भजन गायक।

आशा राम गोमती देवी चैरिटेबल ट्रस्ट बसंतपुरा स्थित गुरु रविदास आश्रम में संत महापुरुषों एवं गुरु रविदास की याद में दसवें संत समागम का आयोजन किया गया। समागम में मुख्यातिथि के रुप में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल सिंह राणा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता आशा राम गोमती देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन पोला राम ने की। मौके पर भजन कीर्तन मंडली ने गुरु रविदास की महिमा का गुणगान किया।

मुख्यातिथि नेपाल सिंह राणा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी केवल एक महान संत ही नहीं थे। बल्कि सामाजिक समानता, मानव गरिमा और प्रेम के अद्भुत प्रतीक थे। उन्होंने ऐसे समय में मानवता, भाईचारे और समता का संदेश दिया । इस अवसर पर संत कमलदास और संत देश राज जी ने कहा कि संत रविदास जी भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे। वह एक महान कवि और रहस्यवादी संत भी थे। उनके भजन और पद आज भी लोगों को प्रेरणा देते हैं। गुरु रविदास जी की शिक्षाएं विशेष रूप से रविदासिया समुदाय को प्रभावित करती हैं। लेकिन उनके विचार सार्वभौमिक हैं और सभी समाजों के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर राजकुमार,संत राम सिंह झारमाड़ी,संत जैन दास, जगमाल सिंह हड़तान, मंदीप टोपरा, घसीटू राम मंसूरपुर व नवजीवन दौलतपुर आदि मौजूद रहे।

### कर्मों से होती है मनुष्य की पहचान

जब समाज जाति, ऊँच नीच और भेदभाव में बंटा हुआ था। गुरु रविदास जी ने अपने विचारों और भक्ति के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि मनुष्य की पहचान उसकी जाति से नहीं। बल्कि उसके कर्म, चरित्र और मानवता से होती है। उन्होंने बेगमपुरा जैसे आदर्श समाज की कल्पना की। जहां कोई दुखी न हो और कोई भूखा न सोए। इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन पोला राम ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी का दर्शन आज भी उतना ही प्रासंगिक है। क्योंकि आज भी समाज को समानता सामाजिक न्याय आपसी सम्मान प्रेम और करुणा जैसे मूल्यों की सबसे अधिक आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### साहित्यकार डॉ. हरीश कुमार की चार पुस्तकों का विमोचन आज



**कुरुक्षेत्र।** गीता ज्ञान अमृतम् तस्ववुर, अतिश्योक्ति व बिखरे मोती पुस्तकों के विमोचन का भव्य कार्यक्रम 4 अप्रैल शनिवार को सायं 2 बजे ढांड रोड पर स्थित कंट्रीसाइड बैंक्वेट मिजार्पुर कुरुक्षेत्र में होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक शायर, कवि, चिंतक व साहित्यकार डॉ. हरीश कुमार लाडला पूर्व आईजीपी हरियाणा ने दी। जानकारी देते हुए डॉ. हरीश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति राजेश बिंदल सर्वोच्च न्यायालय भारत सरकार शिरकत करेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व डीजीपी हरियाणा के.पी सिंह आईपीएस, वशिष्ट अतिथि डॉ. आर.सी. मिश्रा चेयरमैन हरियाणाा पुलिस शिकायत प्राधिकरण, वशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा कुलगुरु कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, वशिष्ठ अतिथि एसके गोयल, पूर्व एसई बिजली विभाग हरियाणा व वशिष्ठ अतिथि रामकुमार वेदाचार्य अलेवा के द्वारा उपरोक्त पुस्तकों का लोकार्पण किया जाएगा।

### मांगों को लेकर पुरातत्व विभाग को सौंपा ज्ञजपन

**कुरुक्षेत्र।** गोशाला बाजार में चीनी मस्जिद में पिछले दिनों हुए विवाद के संबंध में एक ज्ञापन पुरातत्व विभाग जिला कुरुक्षेत्र को वार्ड नंबर 32 पार्षद सुधीर चुघ, पार्षद वार्ड 31 कवि बजाज, हिंदू संगठनों व समाज के अन्य बुद्धिजीवी लोगों की ओर से सौंपा गया। मांग की गई कि पुरातत्व विभाग की गाइडलाइन के अनुसार 100 मीटर के दायरे में बिना अनुमति के कोई भी निर्माण कार्य किए जाने पर विभाग द्वारा कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि नियमों की अनदेखी करते हुए अल्प समाज के लोगों द्वारा मस्जिद पर लेंटर डालने की जो तैयारी की गई थी उसे स्थानीय लोगों व वार्ड नंबर 32 के पार्षद पुरातत्व विभाग व जिला प्रशासन के मुस्तादी से रोक दिया गया था। ज्ञापन देने वाले में सुधीर चुघ पार्षद वार्ड 32, कवि बजाज पार्षद वार्ड 31, ऋषि अरोड़ा, राजेश कुमार अरोड़ा, रोहतास सैनी धीरज चोपडा, कीर्ति धवन, संदीप कोहली व अन्य लोग उपस्थित थे।

### दंत शिविर में बच्चों के दांतों का किया चेकअप

**कुरुक्षेत्र।** मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा संचालित मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों का प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. वनिता द्वारा निःशुल्क दंत परीक्षण किया गया। डॉ. वनिता ने बच्चों को दांतों के रखरखाव एवं दांतों में होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. वनिता ने बच्चों को प्रतिदिन दांत साफ करने के महत्व के बारे में बताया। डॉ. वनिता ने विद्यार्थियों को दांतों की सफाई एवं वर्तमान स्थिति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा मौखिक स्वास्थ्य संपूर्ण स्वास्थ्य से घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। खराब मौखिक स्वच्छता हृदय रोग और मधुमेह जैसी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है।

### विश्व ऑटिज्म दिवस बच्चों में इसके होने वाले प्रभावों पर की विस्तार से चर्चा

# अत्यधिक शांत या अत्यधिक बेचैन रहना जैसे संकेत ऑटिज्म के हो सकते हैं लक्षण

अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा अभिभावकों को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में बाल रोग विभाग द्वारा विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा अभिभावकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए कलरिंग, पेंटिंग, फल वितरण एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। साथ ही अभिभावकों को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर के प्रारंभिक लक्षणों, पहचान एवं उपलब्ध आयुर्वेदिक तथा अन्य उपचार विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शंभू दयाल शर्मा ने कहा कि ऑटिज्म के प्रति समाज में व्यापक जागरूकता फैलाना ही संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने इस क्षेत्र में संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करने पर बल दिया। डॉ. सुधीर मलिक एवं डॉ. जयदेव ने ऑटिज्म के शुरूआती लक्षणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आंखों में संपर्क न बनाना, बुलाने पर प्रतिक्रिया न देना, अपने में ही रहना, बोलने में देरी, अकेले रहना, एक ही बात को बार-बार दोहराना, अत्यधिक शांत या अत्यधिक बेचैन रहना जैसे संकेत ऑटिज्म के हो सकते हैं। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजा सिंगला ने कहा कि यदि इस स्थिति की समय पर पहचान कर उचित मार्गदर्शन दिया जाए, तो बच्चों में उल्लेखनीय सुधार संभव है। कार्यक्रम का संचालन पीजी स्कॉलर्स डॉ. श्रुति, डॉ. नीरजा, डॉ. पंकज, डॉ. प्राची, डॉ. किरण, डॉ. अलका व डॉ. विशाल ने किया। वहीं डॉ. स्वांगी, डॉ. दीक्षा एवं अन्य चिकित्सकों ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों जैसे कलरिंग आदि में सहयोग प्रदान किया।



### विद्यार्थियों ने प्रकृति के पहलुओं को बारीकी से समझा

- आयुष विवि के विद्यार्थियों ने मोरनी नेचर कैंप थापली का किया

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के अंतर्गत आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के बीएएमएस विद्यार्थियों ने हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के तहत मोरनी स्थित नेचर कैंप थापली का शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक भ्रमण किया। तीन दिवसीय इस कैंप में विद्यार्थियों ने प्रकृति के बीच रहकर उसके विभिन्न पहलुओं को करीब से समझा और उससे गहरा जुड़ाव महसूस किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने हरे-भरे पहाड़ी क्षेत्रों, स्वच्छ एवं प्रदूषण रहित वातावरण तथा समृद्ध जैव विविधता का अवलोकन किया। इस अनुभव ने उन्हें प्राकृतिक जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और संतुलित दिनचर्या के महत्व को समझने का अवसर प्रदान किया, जो आयुर्वेद के सिद्धांतों से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। विश्वविद्यालय के यूथ वेलफेयर डायरेक्टर डॉ. सुधीर मलिक ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में यह तीन दिवसीय नेचर कैंप आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने युवा कल्याण कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र सिंह की अगुवाई में इस भ्रमण में भाग लिया।



### मांगों को हसला ने पूर्व राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ तरसेम कौशिक के नेतृत्व में हसला कुरुक्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने जनगणना 2026 के अंतर्गत प्राध्यापकों की ड्यूटी युक्तिसंगत तरीके से लगाए जाने की मांग को लेकर पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव जय प्रकाश गागट, उप जिला महासचिव संदीप फोगाट, शाहबाद खंड प्रधान संदीप तंवर, तथा कानूनी प्रकोष्ठ समन्वयक दिनेश अत्री शामिल रहे। जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) हरियाणा प्रदेश के लगभग 32,000 प्राध्यापकों का प्रतिनिधित्व करता है और हमेशा सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग करता रहा है। संगठन ने मांग की है कि वरिष्ठ प्राध्यापकों को उनकी योग्यता के अनुसार सुपरवाइजर या ऑब्जर्वर जैसी उच्च स्तरीय जिम्मेदारियां सौंपी जाएं।



### हनुमान जयंती पर सरस्वती नगरी में दिखी आस्था

**पिहोवा।** सरस्वती नगरी सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विभिन्न मंदिरों में हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कहीं दिन में तो कहीं रात्रि में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री रामचरितमानस पाठ, सुंदरकांड का पाठ, भजन संध्या, जगराता, कन्या पूजन, हवन यज्ञ व भजन कीर्तन आदि के कार्यक्रमों में श्रद्धालु हनुमान जी की भक्ति में डूबे दिखाई दिए। पुराना बाजार स्थित श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सांयकाल हुए कार्यक्रम के आयोजक डॉ. नितिन गर्ग, राकेश सैनी, पार्षद रविकांत कौशिक, बुद्धि राजा अत्री, चिराग अत्री सहित श्रद्धालुओं ने हवन- यज्ञ में भाग लेकर पुण्य अर्जित किया। तत्पश्चात भजन संध्या कर भंडारा लगाया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# सैन्सन्स पेपर इंडस्ट्री के संस्थापक की याद में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



**कुरुक्षेत्र।** शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि

स्वर्गीय साधु राम सैनी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर सैन्सन्स पेपर इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड परिसर में श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विधिवत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें परिवारजनों व श्रद्धालुओं ने आहुति देकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित आमजन की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर कंपनी के एमडी व समाजसेवी प्रदीप सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिता स्वर्गीय साधु राम सैनी की यह दूसरी पुण्यतिथि है। उनकी पावन स्मृति में एक विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें एलएनजेपी अस्पताल, कुरुक्षेत्र की विशेषज्ञ टीम की देखरेख में सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता हमेशा समाज सेवा और धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहते थे, और उसी मार्ग पर चलते हुए परिवार निरंतर समाजहित के कार्य करता आ रहा है।

### आसमान में छाए बादल किसानों की बढ़ी चिंता

**कुरुक्षेत्र।** गेहूं की फसल खेत में तैयार खड़ी है और शुक्रवार सायं अचानक आसमान में बादल छा गए हैं। तेज हवा के साथ बूंदाबांदी भी शुरू हो गई।

बूंदाबांदी व आसमान में बादलों को देखकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम का यह बदलाव फसलों को नुकसान पहुंचा सकता है। पिछले कई दिनों से फसल तैयार होने पर किसानों ने गेहूं की कटाई का काम शुरू कर दिया है। जिला भर में कई जगह खेतों में गेहूं की फसल कटी पड़ी है और कुछ फसल मंडी में पहुंच चुकी है। हालांकि गेहूं में नमी के चलते अभी खरीद में तेजी नहीं आ पाई है। लेकिन किसानों को डर है कि यह बेमौसमी बरसात खेतों के साथ-साथ मंडी में भी गेहूं को नुकसान पहुंचा सकती है।

# शैक्षणिक सत्र पर सतलुज स्कूल में तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों को स्नेहपूर्वक कैंडी वितरित की गई तथा शिक्षकों द्वारा उनका मुंह मीठा करवाकर उन्हें नई उमंग और सकारात्मक ऊर्जा के साथ कक्षाओं में भेजा गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नया शैक्षणिक सत्र नई उम्मीदों, नए लक्ष्यों और नई उपलब्धियों की शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें एक बेहतर नागरिक बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर मनींदर सिंह घुम्मन एवं मोनिका घुम्मन, स्कूल उप-प्रधानाचार्य सतबीर सिंह तथा समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



### सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल में मनाई हनुमान जयंती

**कुरुक्षेत्र।** सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल में हनुमान जयंती बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। यह पर्व भगवान हनुमान के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो अपनी शक्ति, साहस और प्रभु राम के प्रति अटूट भक्ति के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर स्कूल में पूजा-अर्चना की, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया तथा भगवान हनुमान से सुख-शांति और शक्ति की प्रार्थना की। विद्यालय में भी इस दिन को विशेष रूप से मनाया गया। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने हनुमान जी के आदर्शों—साहस, निष्ठा और सेवा भाव—पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य विपिन शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में सच्चाई, परिश्रम और अनुशासन को अपनाना चाहिए। उन्होंने सभी को अच्छे संस्कारों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन भक्ति गीतों और सकारात्मक संदेश के साथ हुआ।

# भाकियू चढ़ूनी ने सीएम से मिलकर रखीं समस्याएं, मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री निवास पर मौजूद भाकियू के राष्टNीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के 23 सदस्यीय शिष्टमंडल की बैठक वीरवार देर रात हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ उनके चंडीगढ़ स्थित आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान नेता सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने की। बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिए। किसानों ने अमेरिकी ट्रेड डील रद्द करने की मांग की। भाकियू प्रवक्ता राकेश बैंस ने बताया कि किसानों ने कहा कि प्रस्तावित ट्रेड डील से छोटे किसानों पर गंभीर संकट आएगा और बहुराष्ट्रीय कंपनियों का खेती पर नियंत्रण बढ़ेगा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी, केंद्र सरकार से बातचीत कर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। किसानों ने मांग रखी कि सूरजमुखी की खरीद 15 मई से, धान की खरीद 15 सितंबर से, सरसों/तोरिया की खरीद 15 मार्च से शुरू की जाए। इस बारे कहा गया कि कृषि वैज्ञानिकों से चर्चा कर खरीद का समय तय किया जाएगा और केंद्र से सहमति ली जाएगी।



**शाहबाद।** कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

### कथा में सुदामा चरित्र ने सिखाया मित्रता का पाठ

**शाहबाद।** महादेव पार्क, हुड्डा पार्ट-1 में आयोजित श्रीमद्भागवत कथामृत' का गुरुवार को पूणार्हूति, भव्य आरती और विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। सात दिनों तक चली इस ज्ञान गंगा में गोता लगाकर शाहबाद के श्रद्धालु निहाल हो गए। अंतिम दिन की कथा में सुदामा चरित्र के मर्मस्पर्शी प्रसंग ने पांडाल में उपस्थित हर भक्त की आँखें नम कर दीं। 'नाम संकीर्तन' ही कलयुग का आधार वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास श्यामल दास ने कथा के विश्राम पर भागवत महापुराण का सार बताते हुए कहा कि कलयुग में केवल भगवान का नाम ही जीव के उद्धार का सरल मार्ग है। उन्होंने बताया कि भागवत केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि साक्षात श्री कृष्ण का स्वरूप है। जो मनुष्य इस कथा को श्रद्धापूर्वक सुनता है, उसके जन्म-जन्मांतर के पाप कट जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा के दौरान जब सुदामा और श्री कृष्ण के मिलन का प्रसंग आया, तो पांडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा।

# महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल में नया शैक्षणिक सत्र शुरू

- हिंदू संस्कृति के अनुसार किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत हवन यज्ञ से की जाती है : विशाल सिंगला



कुरुक्षेत्र। श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के पदाधिकारी, सदस्य एवं शिक्षक हवन में भाग लेते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल मोती चौक में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला ने कहा कि हिंदू संस्कृति के अनुसार किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत हवन यज्ञ से की जाती है। हवन में श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत की कार्यकारिणी के सदस्य, उप प्रधान जितेंद्र गोयल, महासचिव नवकेतन गोयल, सह सचिव अभय मित्तल, कोषाध्यक्ष विशेष गर्ग, गौरव मित्तल, कुलवंत गर्ग, जयपाल गोयल, विपिन गोयल, एचसी.गोयल, जितेंद्र गर्ग, बृजभूषण गर्ग, आदित्य कुमार, सुभाष गुप्ता, दीपक सिंगला, राजेश्वर गोयल, पूर्व कोषाध्यक्ष कपिल मित्तल, अशोक कुमार एवं प्रमोद बंसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने हवन में अपनी आहुतियां दी। प्रशासक विकास बंसल ने आए हुए अतिथियों के साथ मां सरस्वती को पुष्प अर्पित किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचिका बंसल ने प्रबंधक समिति का स्वागत किया। हवन में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कुवि में 4 अप्रैल को कार्य दिवस घोषित, विद्यार्थियों की कक्षाएं रहेंगी

# दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर राज्यपाल का स्वागत

राज्यपाल असीम कुमार घोष के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पुष्पगुच्छ भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 35वें दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष का विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष के विश्वविद्यालय आगमन पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक रूप से स्वागत किया तथा दीक्षांत समारोह की तैयारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल एवं कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, जो उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में से एक है और यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए 35वां दीक्षांत समारोह अत्यंत महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण अवसर है, जिसमें विभिन्न संकायों के हजारों विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इस दौरान कुरुक्षेत्र के उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन, कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल, सहित जिला प्रशासन और विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने राज्यपाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उन्हें समारोह के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का 35वां दीक्षांत समारोह 4 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। समारोह में देश के प्रतिष्ठित अतिथि भी शामिल होंगे।

**खबर संक्षेप**

### लूट के मामले में तीसरा आरोपी किया काबू

**अंबाला।** अंबाला पुलिस की सीआईए नारायणगढ़ टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाने वाले एक शातिर गिरोह के तीसरे सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से वारदात में छीनी गई सोने की बालियां और अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। गांव नगला राजपूतान के कुलदीप सिंह ने 25 मार्च 2026 को मामला दर्ज कराया था कि उनकी माता जो डेहर अमली से दवाई लेकर पैदल घर लौट रही थीं, को दो बाइक सवार युवकों ने घर छोड़ने का झांसा देकर लिफ्ट दी। रास्ते में गांव बेर खेड़ी के पास सुनसान जगह पाकर आरोपियों ने डरा-धमकाकर महिला से सोने की बालियां और नकदी लूट ली और फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने पहले दो मुख्य आरोपियों विशाल कुमार और कमल कुमार को काबू किया था। अब पुलिस ने आरोपी मनदीप सिंह को भी काबू किया है। मनदीप ने ही लूटी बालियां खरीदी थी।

### पांच तक देना होगा कक्षावार शुल्क का ब्यौरा

**अंबाला।** शिक्षा विभाग ने प्राइवेट स्कूलों को बड़ी राहत दी है। इसके तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए फॉर्म-6 पोर्टल पर कक्षावार शुल्क विवरण अपडेट करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब स्कूल संचालक 5 अप्रैल रात 11:59 बजे तक अपना डाटा जमा कर सकेंगे। शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश के 9,230 स्कूलों में से 1,269 स्कूलों ने अभी तक अपनी फीस का ब्योरा पोर्टल पर फाइनल सबमिट नहीं किया है। वर्तमान में राज्य का कुल प्रगति ग्राफ 86.24 प्रतिशत पर है।

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 11 लाख, केस दर्ज

**अंबाला।** अमेरिका भेजने के नाम पर बड़ी कोहड़ी गांव के धर्मपाल से 11 लाख की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि एक एजेंट ने उनके बेटे को अमेरिका भेजने का झांसा देकर 11 लाख रुपये हड़प लिए। धर्मपाल ने आरोप लगाया कि मिलाप नगर के संदीप ने उनके बेटे को कानूनी तरीके से अमेरिका भेजने का वादा किया था। इसके बदले किस्तों में भारी रकम वसूली। विश्वास जीतने के लिए फर्जी वीजा और दस्तावेज भी दिखाए। बेटे को अमेरिका भेजने के बजाय दुबई भेज दिया। वहां उसे अवैध तरीके से सीमा पार कराने पर उसे दुबई पुलिस ने पकड़ लिया। जब धर्मपाल ने आरोपी पर दबाव बनाया तो उसने बेटे की रिहाई के नाम पर 2 लाख रुपये और ऐंठ लिए।

### उचाना में इनेलो ने खोला कष्ट निवारण केंद्र

**उचाना।** उचाना अनाज मंडी में किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) द्वारा एक किसान कष्ट निवारण केंद्र स्थापित किया गया है। इनेलो नेता बलराज नगूरां की 64 नंबर दुकान पर ये केंद्र बनाया गया। जिला प्रधान बिजेंद्र रेढू ने बताया कि पार्टी ने पहले ही किसान कष्ट निवारण केंद्र खोलने का निर्णय लिया था, जिसके तहत जिले भर की अनाज मंडियों में ये केंद्र बनाए गए है। केंद्र पर कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यकर्ता मंडी में आने वाले किसानों की समस्याओं को सुनेंगे।

## अव्यवस्थाएं देखकर खफा हुए मंत्री, अफसरों को दी कड़ी चेतावनी

# कृषि मंत्री राणा ने बराड़ा एवं मुलाना अनाज मंडियों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा/मुलाना

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को बराड़ा व मुलाना की अनाज मंडियों का औचक निरीक्षण कर खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सरसों व गेहूं की खरीद को लेकर मंत्री ने अधिकारियों को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी हुई तो उन पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बराड़ा और मुलाना की अनाज मंडियों में फैली अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए बिजली, पानी, साफ-सफाई, तौल, उठान और भुगतान व्यवस्था को लेकर अधिकारियों की जवाबदेही तय की। उन्होंने दो टूक कहा कि "किसानों को लाइन में खड़ा रहने या भटकने की नौबत नहीं आनी चाहिए, वरना जिम्मेदार बख्शे नहीं जाएंगे।" उन्होंने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर धीमी सत्यापन प्रक्रिया पर भी सख्त नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद 2585 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी पर शुरू हो चुकी है, जबकि सरसों की खरीद 6200 रुपये प्रति क्विंटल पर की जा रही है। मुलाना मंडी स्थित भूमि एवं जल परीक्षण प्रयोगशाला के दौरे के दौरान भी मंत्री ने व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए वैज्ञानिक जांच सुविधाएं सुलभ होनी चाहिए।

**बिजली, पानी, सफाई, तोल, उठान और भुगतान पर तय की अधिकारियों की जवाबदेही**



बराड़ा। मंत्री श्याम सिंह राणा मंडी अधिकारियों से बातचीत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मौके पर नपा चैयरमेन रजत मलिक, डीएमईओ राजीव सोलंकी, डीएम हैफेड देवेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार आलमगीर, नायब तहसीलदार मुलाना सतविंदर कुमार, मार्केट कमेटी सचिव राहुल मेव व मांगेराम, चेयरमैन मंडी बोर्ड कुलराज शर्मा, उप चेयरमैन योगेश, चेयरमैन मंडी बोर्ड मुलाना जसमेर राणा, मंडल अध्यक्ष डिंपल राणा, मोनिका कालड़ा, महामंत्री रिंकू मचल व तुशार अग्रवाल, डॉ कुलदीप, हरदीप राणा थंबड़, डॉ. बलदेव थंबड़, सुरेंदर अग्रवाल , जसविंदर फौजी, रामकुमार, सुरेंदर कुमार आदि मौजूद रहे।

### तैयारियां पूर्ण करें अधिकारी

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं की आवक आने वाले दिनों में बढ़ेगी इसलिए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने सड़कों की मरम्मत, बिजली व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे और कैंटीन सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। दौरे के दौरान मंडी से जुड़े अधिकारियों और आढ़तियों ने अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं जिस पर उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए।

### बिजली-पानी के बंदोबस्त पर जोर

मंत्री श्याम सिंह राणा ने दोनों मंडियों में किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, फसल सत्यापन प्रक्रिया, बिजली-पानी, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा बायोमैट्रिक प्रणाली सहित सभी प्रबंधों की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राणा ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मंडियों में अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने बताया कि मंडियों में किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं। खरीद प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर फसल सत्यापन कार्य तेजी से किया जा रहा है और संबंधित पटवारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और मंडियों में पारदर्शी खरीद तथा समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है।


बराड़ा। प्रवेश उत्सव के दौरान रैली निकालते हुए स्टाफ व बच्चे। फोटो: हरिभूमि

## प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों का फूल मालाएं पहनाकर किया अभिनंदन

- रैली के जरिए ग्रामीण छात्रों को सरकारी स्कूल में दाखिला लेने के लिए किया गया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में शुक्रवार को सत्र 2026-27 के लिए निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 5 के विद्यार्थियों का कक्षा 6 में तथा कक्षा 8 के विद्यार्थियों का कक्षा 9 में प्रवेश पर फूल-मालाएं पहनाकर एवं तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके पश्चात जागरूकता दाखिला अभियान के तहत गांव थंबड़ में एक रैली निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नारेबाजी एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को सरकारी विद्यालय में अपने बच्चों का दाखिला करवाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों और अध्यापकों के प्रयासों से प्रभावित होकर ग्रामवासियों ने विद्यालय के सौहार्दपूर्ण वातावरण की सराहना की।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डिंपल राणा, जयवीर राणा एवं बीरबल राणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था की तथा विद्यालय में दाखिले बढ़ाने में सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### चोरीशुदा सामान समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव पुलिस टीम ने तत्परता से कार्यवाई करते हुए एसटीपी प्लांट मच्छौंडा के पास से शटरिंग प्लेटें व रिम सहित टायर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चोरीशुदा सामान बरामद किया है। शिकायतकर्ता जसवंत सिंह ने 2 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि एसटीपी प्लांट के पास से शटरिंग प्लेटें व रिम सहित टायर चोरी हुए हैं। आरोपियों की पहचान नरेंद्र सिंह व गोलू उर्फ राहुल के तौर पर हुई है।

## शेयर बाजार में मोटे मुनाफे के लालच में फंसा कपड़ा कारोबारी

- ठगों ने लगाया कपड़ा व्यापारी को 9 .23 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के नदी मोहल्ला के एक कपड़ा व्यापारी को शेयर बाजार में मुनाफे का लालच देकर ठगों ने 9.23 लाख का चूना लग गया। ठगों ने खुद को सेबी रजिस्टर्ड कंपनी का प्रतिनिधि बताकर पीड़ित को विश्वास में लिया और अलग-अलग किस्तों में निवेश के नाम पर राशि हड़प ली। पुलिस को दी गई शिकायत में मनीष ने बताया कि वह कपड़े की दुकान चलाते हैं। 25 अप्रैल 2025 को उनके पास विनोद शाह नामक व्यक्ति का फोन आया। उसने अपनी कंपनी विजन रिसर्च एंड सॉल्यूशन को सेबी रजिस्टर्ड बताया। मनीष ने बताया कि आरोपियों ने शुरुआत में उनसे 1 लाख रुपये निवेश करवाए। इसके बाद मुनाफे का झांसा देकर कभी फीस के नाम पर तो कभी प्रीमियम प्लस प्लान के नाम पर उनसे पैसे ट्रांसफर करवाए गए।

### रिकवरी का लालच देकर कराते थे निवेश

पीड़ित ने बताया कि जब उन्हें घाटा होने लगा, तब भी आरोपी उन्हें रिकवरी का लालच देकर निवेश करवाते रहे। संदेह होने पर जब पीड़ित ने सेबी के आधिकारिक कस्टमर केयर पर संपर्क किया, तो उन्हें पता चला कि कोई भी रजिस्टर्ड कंपनी व्हाट्सएप के जरिए ट्रेड नहीं देती। ठगी होने पर मनीष ने तुरंत 1930 नंबर पर शिकायत दर्ज कराई और अब साइबर थाने में लिखित बयान दर्ज करवाए हैं। साइबर थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ठगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अब उन बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की डिटेल खंगाल रही है, जिनका इस्तेमाल ठगी के लिए किया गया था।

## राकेश गुप्ता को मिली अग्रवाल समाज की कमान

- द्विवार्षिक चुनाव में भंग हुई थी समाज की सभी कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने संगठन निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राकेश गुप्ता को अंबाला शहर का अध्यक्ष नियुक्त किया है। ज्ञात रहें कि गत दिनों वृंदावन में आयोजित हुए समाज के प्रदेशस्तरीय अधिवेशन एवं द्विवार्षिक चुनाव के दौरान समाज की सभी कार्यकारिणीयों को भंग कर दिया गया था। इसके उपरांत पुनः प्रदेश अध्यक्ष बने अशोक बुवानीवाला ने अपनी नई कार्यकारिणीयों के गठन को लागू करना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में राकेश गुप्ता को अंबाला शहरी अध्यक्ष की कमान देने के बाद उनके साथ संचित मित्तल को महासचिव व भूपेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। अपनी नियुक्त पर राकेश गुप्ता, संचित मित्तल व भुपेश अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज हमेशा से सामाजिक एकता, सेवा और विकास की भावना के साथ कार्य करता आया है। सक्षम और समर्पित कार्यकारिणी का गठन के लिए उन्हें मिली इस जिम्मेदारी के बाद वो संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राकेश गुप्ता ने आश्वासन दिलाया कि शीघ्र ही उनकी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए तेजी से गठन किया जाएगा।


अग्रवाल वैश्य समाज के नवनियुक्त पदाधिकारी।

### वैश्य समाज का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान

उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पवन अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष प्रमोद गर्ग को विश्वास दिलाया कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर खरा उतरते हुए संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज का इतिहास सामाजिक सेवा, व्यापारिक ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण में योगदान का रहा है।

## हवन भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर: शर्मा

- शैमफोर्ड स्कूल में छात्रों के साथ नए सत्र में अभिभावकों ने भी की हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

शैमफॉर्ड विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण के बीच हवन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिवार के साथ-साथ विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विशेष अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य नए शैक्षणिक सत्र की शुभ शुरुआत करते हुए सकारात्मक ऊर्जा, शांति एवं समृद्धि की कामना करना था। हवन कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। यज्ञ में आहुति देकर सभी ने विद्यालय की उन्नति, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा समाज के कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमेन इंद्रजीत सिंह, कोमल शर्मा, 'मदर ऑफ द स्कूल' पुष्पा देवी, प्रधानाचार्या रुबी शर्मा, उपप्रधानाचार्य कुलदीप सिंह, सुमन शर्मा, ब्रह्मकुमारी संस्था से सविता दीदी एवं चेतना दीदी सहित प्रबंधन समिति के सदस्य श्री प्रमोद जैन, राजीव सिंगला व दिनेश गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे।


बराड़ा। हवन यज्ञ में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### छात्रों को दी जानकारी

प्रधानाचार्या रुबी शर्मा ने अपने संबोधन में हवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परंपरा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच का विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं श्रद्धा के साथ सहभागिता कर अपनी सांस्कृतिक जागरूकता का परिचय दिया। समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## अंबाला छावनी की एसडीएम बनी आईएएस कनिका गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी कनिका गोयल ने अंबाला छावनी उपमंडल अधिकारी (नागरिक) का पदभार संभाल लिया है। 2023 बैच की आईएएस अधिकारी कनिका गोयल को प्रदेश सरकार द्वारा एसडीएम अंबाला छावनी कार्यभार सौंपा गया है। कार्यभार ग्रहण के उपरांत एसडीएम ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता को पारदर्शी, संवेदनशील एवं प्रभावी प्रशासन उपलब्ध कराना, जनहित में योजनाओं का कुशल क्रियान्वयन सुनिश्चित करना। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए संबंधित विभाग लोगों को अपनी-अपनी स्कीम से अवगत करवाएं। इसके साथ ही उनका प्रयास रहेगा कि विकास के जो काम चल रहे है वे सही प्रकार से निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो।


एसडीएम कनिका गोयल।

### घर में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेश नगर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए घर में घुसकर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है। समता विहार के राघव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि चोरों ने उनके घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात, नकदी व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी प्रदीप कुमार व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई थी। पुलिस ने सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी प्रदीप कुमार और उसके साथी अमन कुमार को गिरफ्तार किया।

## मिठाई की दुकान से 40 हजार की नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

स्पाटू रोड स्थित अवतार जनता स्वीट्स में रात चोरों ने गल्ले से करीब 40 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। चोर ने शटर को एक तरफ से उठाकर दुकान में प्रवेश किया था। वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। अंबाला शहर पुलिस ने दुकान मालिक जोगीवाड़ा के मनजीत सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दुकान मालिक मनजीत ने बताया कि वह रोजाना की तरह 31 मार्च की रात 10 बजे दुकान बंद कर घर गए थे। सुबह 7 बजे दुकान पर पहुंचे तो लोहे के शटर का एक कोना उठा हुआ था। भीतर जाकर देखा तो सामान बिखरा और गल्ला टूटा था। गल्ले में रखे लगभग 40 हजार रुपये गायब थे। फुटेज खंगालने पर पता चला कि रात करीब 12:30 बजे एक नकाबपोश युवक दुकान के अंदर घुसा था।

इसी युवक या उसके साथियों ने पहले भी दुकान की रेकी की थी। 28 मार्च को भी सुबह करीब 3:40 बजे दुकान के बाहर रखे चूल्हे की पीतल की पाइप चोरी कर ले गया था। इसकी सूचना तब पुलिस को नहीं दी गई थी।

**31 मार्च की रात साढ़े 12 बजे नकाबपोश युवक घुसा था दुकान में**

## केंद्रीय विद्यालय में चल रही शैक्षिक गतिविधियों का दिल्ली कमिश्नर गुप्ता ने किया अवलोकन

# पीएम श्री योजना के माध्यम से कौशल, नवाचार और जीवन मूल्यों से जोड़ने में हो रहा शिक्षा का प्रयोग : संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार तथा केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के कमिश्नर विकास गुप्ता ने स्कूल में चल रही गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उनके साथ शिवालिक विकास बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी पूजा कुमारी संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. मयंक शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा भी मौजूद रहे। मौके पर वरुण मित्र, उपायुक्त दीदार सिंह, प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा, उप-प्राचार्य मनीष सेमवाल, मुख्याध्यापक अनिल कुमार तथा प्राचार्य अजित यादव आदि मौजूद रहे।


अंबाला। स्कूली छात्रों द्वारा की जा रही गतिविधियों का अवलोकन करते अधिकारी।

### छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत

कमिश्नर विकास गुप्ता ने कहा कि "केंद्रीय विद्यालय संगठन सदैव गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं नवाचार आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उपप्राचार्य मनीष सेमवाल ने सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। यह अवसर विद्यालय के लिए न केवल गौरवपूर्ण रहा, बल्कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत भी सिद्ध हुआ।

### स्वागत गीत व नृत्य से हुई कार्यक्रम की शुरुआत

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं आकर्षक नृत्य से हुआ। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक समृद्धि एवं विद्यालय की सृजनात्मकता को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। इसके उपरांत अतिथियों ने पीएम श्री योजना के अंतर्गत विकसित शैक्षणिक संसाधनों एवं गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया। विद्यालय में पीएम श्री योजना पर आधारित विज्ञान किट आधारित प्रयोगात्मक मॉडल, गणितीय अवधारणाओं को सरल बनाने वाली गणित किट, अटल टिंकरिंग लैब में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट्स, तथा लर्निंग लेटर्स जैसी गतिविधियां अनुभवात्मक अधिगम का उत्कृष्ट उदाहरण रहीं। इन सभी प्रस्तुतियों ने यह स्पष्ट किया कि विद्यालय में शिक्षा को व्यवहारिक, रोचक एवं जीवनोपयोगी बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। सचिव संजय कुमार ने कहा कि "पीएम श्री योजना के माध्यम से शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन तक सीमित न रखकर उसे कौशल, नवाचार एवं जीवन मूल्यों से जोड़ने का जो प्रयास किया जा रहा है वह वास्तव में भारत के भविष्य निर्माण की दिशा में एक सशक्त पहल है।